SAMARTH BHARAT
समर्थ भारत

भाऊराव देवरस सेवा न्यास
सेवा हि परमो धर्मः

# समर्थ गाथा




## मासिक यात्रा
(मार्च 2025 )


हेल्प लाइन नंबर
**8595887700**
www.samarthbharat.net
contact@samarthbharat.com


Follow Us

# सारांश

मार्च 2025 का महीना समर्थ भारत के लिए नई प्रेरणा, रचनात्मकता और सशक्तिकरण का प्रतीक रहा। इस महीने केंद्रों पर विविध गतिविधियों और कार्यक्रमों का सफल आयोजन हुआ, जिसमें प्रशिक्षण, उत्सव, प्रमाणपत्र वितरण और सामुदायिक संवाद प्रमुख रूप से शामिल रहे।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सभी प्रशिक्षण केंद्रों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। होली के पर्व को सांस्कृतिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रशिक्षुओं और प्रशिक्षकों ने मिलकर इस त्योहार को उल्लास, एकता और रंगों की मिठास के साथ मनाया।

मार्च माह में कई कोर्स बैचों का समापन हुआ, जहां प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले छात्रों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इन कार्यक्रमों में मुख्य अतिथियों और समाज के प्रबुद्धजनों की उपस्थिति ने छात्रों का मनोबल और आत्मबल दोनों को सुदृढ़ किया।
इसके साथ ही नये केन्द्र और नये कोर्स बैच की शुरूआत भी हुई, इसके अंतर्गत डिजिटल मार्केटिंग, बेकरी, ब्यूटिशियन और विडियो एडिटिंग जैसे ट्रेनिंग में नए छात्रों ने आपना नामांकन कराया।

समर्थ भारत की यह यात्रा सिर्फ प्रशिक्षण तक सीमित नहीं, बल्कि यह आत्मनिर्भरता और सामाजिक जागरूकता की ओर एक समर्पित प्रयास है। मार्च माह की यह गतिविधियाँ न केवल छात्रों के जीवन में बदलाव का संकेत हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन की एक सशक्त झलक भी हैं।

## परिचय

समर्थ भारत विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों और करियर विकास केंद्रों (सी. डी. सी.) के माध्यम से राष्ट्रीय विकास की एक व्यापक दृष्टि को साकार कर रहा है। कौशल विकास कार्यक्रम का उद्देश्य कमजोर और हाशिये पर मौजूद समुदायों को आवश्यक कौशल प्रदान करके उन्हें सक्रिय कार्यबल में भागीदारी के लिए सशक्त बनाना है। यह प्रयास युवाओं में महत्वाकांक्षी मूल्यों को प्रोत्साहित करते हुए औपचारिक और अनौपचारिक क्षेत्रों में कौशल विकास की क्षमता को मजबूत करता है। इसके साथ ही, यह बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उत्पन्न करने में सक्षम बनाता है, जिससे राष्ट्र की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में करियर विकास केंद्र (सीडीसी) स्थापित किए गए हैं, जो छात्रों को उद्यमिता और स्टार्टअप इकोसिस्टम की जटिलताओं को समझने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश और ज्ञान प्रदान करते हैं। ये केंद्र छात्रों के समग्र विकास के लिए एक मंच के रूप में कार्य करते हैं, जहाँ उद्योग विशेषज्ञों द्वारा मेंटरशिप से लेकर स्टार्टअप और नवाचार पहलों के लिए मंच उपलब्ध कराया जाता है।

## कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम

समर्थ भारत अपने कौशल विकास कार्यक्रम के माध्यम से 12 विविध प्रशिक्षण मॉड्यूल्स के साथ हजारों युवाओं को रोजगार और उद्यमिता के अवसर प्रदान कर रहा है। यह पहल एक सकारात्मक वातावरण में प्रशिक्षुओं को आत्मनिर्भर बनने का मार्ग दिखाती है।

## कैरियर डेवलपमेंट सेन्टर (CDC)

दिल्ली विश्वविद्यालय के सहयोग से समर्थ भारत ने कैरियर डेवलपमेंट सेंटर्स स्थापित किए हैं। ये सेंटर छात्रों को उद्यमिता और स्टार्टअप की दुनिया में सफलता के लिए मार्गदर्शन, उद्योग विशेषज्ञों का परामर्श, और वेंचर कैपिटलिस्ट्स तक पहुंच प्रदान करते हैं।

# CDC की दूसरी वर्षगांठ







समर्थ भारत ने दिल्ली कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स, दिल्ली विश्वविद्यालय में **करियर डेवलपमेंट सेंटर (CDC)** की दूसरी वर्षगांठ का उत्साहपूर्वक आयोजन किया। पिछले दो वर्षों में, सी. डी. सी. ने छात्रों को कौशल विकास, उद्यमिता और करियर के अवसरों से जोड़ा है।

इस वर्षगांठ समारोह में विशिष्ट अतिथियों के रूप में श्री भारत भूषण जी (प्रमुख संरक्षक, समर्थ भारत), श्री ओ.पी. गोयल जी (अध्यक्ष, भाऊराव देवरस सेवा न्यास), प्रो. बलराम पाणि जी (डीन ऑफ कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय), प्रो. पायल मागो जी (निदेशक, ओपन लर्निंग कैंपस, दिल्ली विश्वविद्यालय), प्रो. गजेंद्र सिंह जी (चेयरमैन, गवर्निंग बॉडी, डीसीएसी) और प्रो. राजीव चोपड़ा जी (प्रधानाचार्य, डीसीएसी) उपस्थित रहे। दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों के प्रधानाध्यापकों को उद्यमिता एवं कौशल-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सम्मानित किया गया साथ ही समर्थ भारत ने दिल्ली विश्वविद्यालय के 37 कॉलेजों के साथ एमओयू (MoU) हस्ताक्षरित किया।

## MoU साइन किए गए कॉलेज

- आचार्य नरेंद्र देव कॉलेज
- अदिति महाविद्यालय
- आर्यभट्ट कॉलेज
- आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज
- भगिनी निवेदिता कॉलेज
- भारती कॉलेज
- भास्कराचार्य कॉलेज ऑफ अप्लाइड साइंसेज
- कॉलेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज
- दौलत राम कॉलेज
- दयाल सिंह कॉलेज
- दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज
- दिल्ली कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स
- देशबंधु कॉलेज
- हंसराज कॉलेज
- इंद्रप्रस्थ कॉलेज फॉर वुमन
- कमला नेहरू कॉलेज
- केशव महाविद्यालय
- किरोरी मल कॉलेज
- लक्ष्मीबाई कॉलेज
- महाराजा अग्रसेन कॉलेज
- मैत्रेयी कॉलेज
- माता सुंदरी कॉलेज फॉर वुमन
- पी.जी.डी.ए.वी कॉलेज
- रामानुजन कॉलेज
- रामजस कॉलेज
- स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (DU SOL)
- शहीद भगत सिंह कॉलेज
- शिवाजी कॉलेज
- श्यामलाल कॉलेज
- श्री अरविंदो कॉलेज
- श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज
- जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज





# मासिक विकास यात्रा

## AC, फ्रिज और होम अप्लायंसेस रिपेयरिंग कोर्स के चतुर्थ बैच (संगम विहार) का समापन





संगम विहार प्रशिक्षण केंद्र में AC, फ्रिज और होम अप्लायंसेस रिपेयरिंग कोर्स के चतुर्थ बैच का समापन हुआ। दो महीने तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन 15 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए।

## डिजिटल मार्केटिंग कोर्स की शुरूआत - महाराजा अग्रसेन कॉलेज



महाराजा अग्रसेन कॉलेज में डिजिटल मार्केटिंग कोर्स की शुरूआत हुई, जिसमें 46 प्रशिक्षार्थियों का नामांकन हुआ। इस कोर्स के माध्यम से प्रतिभागियों को SEO, सोशल मीडिया मार्केटिंग, गूगल ऐड्स, कंटेंट स्ट्रेटजी और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया जा रहा है। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा संचालित यह कार्यक्रम छात्रों को औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप दक्ष बनाने और उनके करियर को नई दिशा देने का एक सशक्त प्रयास है।

## ब्यूटिशियन प्रशिक्षण केंद्र संगम विहार - तीसरे बैच की शानदार शुरुआत!





संगम विहार ब्यूटिशियन प्रशिक्षण केंद्र में ब्यूटिशियन कोर्स के तीसरे बैच की शुरुआत हुई। इस बैच में 18 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है, जो प्रोफेशनल ब्यूटी और मेकअप स्किल्स में निपुणता हासिल करेंगे।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल छात्रों को व्यावसायिक दक्षता प्रदान करेगा, बल्कि उन्हें स्वरोजगार और करियर के नए अवसरों के लिए भी तैयार करेगा।

## सिलाई एवं कटिंग कोर्स का दूसरा बैच शुरू हुआ - जमरूदपुर दिल्ली



आस्था कुंज सोसाइटी, जमरूदपुर, लाजपत नगर में सिलाई एवं कटिंग कोर्स के दूसरे बैच की सफल शुरुआत हुई। यह पहल महिलाओं और युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे वे स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें।

# अन्य राज्यों की गतिविधियां

## जयपुर में नये ब्यूटिशियन प्रशिक्षण केन्द्र की शुरुआत








अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, 8 मार्च 2025 को समर्थ भारत द्वारा जयपुर में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त ब्यूटिशियन प्रशिक्षण केंद्र का भव्य उद्घाटन किया गया। यह केंद्र समरस भारत सेवा संस्थान के सहयोग से संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को प्रोफेशनल ब्यूटी और मेकअप कौशल में प्रशिक्षित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

**प्रशिक्षण केंद्र की प्रमुख विशेषताएँ:**

✓ व्यापक भागीदारी: उद्घाटन समारोह में 200+ गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति
✓ प्रारंभिक नामांकन: पहले ही दिन 40 प्रशिक्षार्थियों ने कोर्स में नामांकन कराया
✓ प्रत्येक दिन दो बैच में व्यवस्थित और व्यावहारिक प्रशिक्षण
✓ आधुनिक संसाधन: नवीनतम तकनीकों और उन्नत उपकरणों का समावेश

**विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति एवं प्रेरणादायक विचार:**

🎤 श्री भारत भूषण जी, संरक्षक, समर्थ भारत, अखिल भारतीय सह संपर्क प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ
🎤 श्री गोपाल शर्मा जी, विधायक, सिविल लाइंस, जयपुर

इन सम्माननीय अतिथियों ने महिला सशक्तिकरण और कौशल विकास पर अपने विचार सांझा किए और इस पहल की सराहना की। उन्होंने इस प्रशिक्षण केंद्र को महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक उत्थान के लिए एक महत्वपूर्ण पहल करार दिया, जो उन्हें स्वरोज़गार और नए रोज़गार के अवसरों से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगा।

यह प्रशिक्षण केंद्र महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने और उन्हें ब्यूटी एवं वेलनेस इंडस्ट्री में एक सशक्त करियर स्थापित करने का अवसर प्रदान करेगा। समर्थ भारत का यह प्रयास महिला सशक्तिकरण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे अधिक से अधिक महिलाएँ रोज़गार, उद्यमिता और वित्तीय स्वतंत्रता की दिशा में आगे बढ़ सकेंगी।

# अन्य राज्यों की गतिविधियां

## लुधियाना में समर्थ भारत





लुधियाना (पंजाब ) में महिला ब्यूटिशियन प्रशिक्षण केन्द्र 20 शिक्षार्थियों के साथ चल रहा है शीघ्र ही इस केन्द्र का सम्बन्ध KVIC से होगा ।

## नुहं ( हरियाणा ) में चल रहा है ऐ सी का प्रशिक्षण





नुहं में 20 शिक्षार्थियों को ऐ सी का प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं प्रशिक्षण को चलते हुए एक माह से अधिक हो गया है।

## नरसिंहपुर ( हरियाणा ) में ट्रक रिपेयरिंग सेण्टर







नरसिंहपुर में ट्रक रिपेयरिंग का दूसरा बैच चल रहा है यह सेण्टर आयशर द्वारा प्रायोजित है अभी 16 शिक्षार्थी सिद्धरावली में OJT (On Job Training ) कर रहे है

# कौशल का सम्मान, सफलता की उड़ान!

## खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग टूल किट वितरण कार्यक्रम






खादी इंडिया प्रदर्शनी एवं ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत रोहिणी में टूल किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें समर्थ भारत के 15 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य इलेक्ट्रीशियन के रूप में करियर बनाने के इच्छुक युवाओं को आवश्यक संसाधन और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है।

समर्थ भारत के 15 प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र और प्रोफेशनल टूल किट प्रदान की गईं, जिससे वे स्वावलंबन और करियर विकास की दिशा में आगे बढ़ सकें।

**इस वितरण की विशेषता और महत्व:**

- यह टूल किट प्रशिक्षार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान को वास्तविक परिस्थितियों में लागू करने में सक्षम बनाती है, जिससे उनकी रोजगार क्षमता बढ़ती है।
- प्रशिक्षार्थी इन संसाधनों के माध्यम से अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू कर सकते हैं और स्वरोजगार को बढ़ावा दे सकते हैं।
- प्रैक्टिकल नॉलेज और प्रोफेशनल सर्टिफिकेशन का सही संतुलन, जिससे प्रशिक्षार्थी अपने करियर में आगे बढ़ सकें।

## डिजिटल मार्केटिंग प्रशिक्षण केंद्र सागरपुर, दिल्ली

सागरपुर प्रशिक्षण केंद्र, दिल्ली में डिजिटल मार्केटिंग कोर्स के सफलतापूर्वक समापन और अंतिम परीक्षा में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को सम्मानपूर्वक प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

यह समारोह न केवल उपलब्धियों का उत्सव था, बल्कि एक प्रेरणादायक क्षण भी रहा, जिसमें भक्ति संगीत, नृत्य प्रदर्शन और संगीतमय प्रस्तुतियों से माहौल को जीवंत बना दिया।

प्रत्येक छात्र को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के प्रमाणस्वरूप प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, जो उन्हें डिजिटल मार्केटिंग की प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में आत्मविश्वास के साथ कदम रखने के लिए तैयार करता है।

यह आयोजन केवल प्रमाण पत्र वितरण तक सीमित नहीं था, बल्कि कौशल विकास और करियर उन्नति के महत्व को उजागर करने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ी को अपने भविष्य के प्रति प्रेरित करने का एक सशक्त मंच भी साबित हुआ।

इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पश्चिमी विभाग के विभाग कार्यवाह श्री रुद्रपाल जी की गरिमामयी उपस्थिति रही।






# समर्थ भारत होली महोत्सव

समर्थ भारत के मुख्य कार्यालय और विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों पर होली का भव्य उत्सव मनाया गया। रंगों और उल्लास से भरे इस आयोजन में प्रशिक्षकों, प्रशिक्षार्थियों और समर्थ भारत की टीम के सदस्यों ने मिलकर एकता, भाईचारे और खुशियों का संदेश दिया।

नेक्सटरा में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में भाऊराव देवरस सेवा न्यास के अध्यक्ष माननीय ओमप्रकाश जी तथा महामंत्री श्री राहुल सिंह जी की उपस्थिति सबके लिए प्रेरणादायी रही।






















# प्रशिक्षण की मुख्य बातें

SAMARTH BHARAT समर्थ भारत

## मार्च 2025 मे पूर्ण हुए बैच

| क्र. | केन्द्र | कोर्स | छात्रों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | बिजवासन | इलेक्ट्रीशियन | 15 |
| 2 | पहाड़गंज | जी डी ऐ | 17 |
| 3 | टैंक रोड | ब्यूटिशियन | 20 |
| 4 | काशी | ब्यूटिशियन | 06 |
| 5 | संगम विहार | होम एप्लायंस | 20 |
| 6 | रोशन विहार, नाहरगढ़ | ब्यूटिशियन | 09 |
| 7 | रावता | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ. | 10 |
| 8 | सागरपुर | डिजिटल मार्केटिंग | 12 |
| 9 | SOL केशवपुरम | नेल आर्ट | 02 |
| 10 | भारती कॉलेज | बेकरी | 33 |
| 11 | भारती कॉलेज | नेल आरती | 20 |

## मार्च 2025 मे चल रहे बैच

| दिल्ली सामुदायिक केन्द्रो पर चल रहे बैच | | | |
|---|---|---|---|
| क्र. | केन्द्र | कोर्स | छात्रों की संख्या |
| 1 | सीमापुरी | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ. | 15 |
| 2 | आचार्य निकेता, मयूर विहार | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ. | 10 |
| 3 | महारानी बाग | ब्यूटिशियन | 20 |
| 4 | संगम विहार - 1 | ब्यूटिशियन | 14 |
| 5 | बिजवासन | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ. | 20 |
| 6 | छावला गाँव, नाहरगढ़ | ब्यूटिशियन | 11 |
| 7 | पांडावाला | हेयर स्टाइलिस्ट | 09 |
| 8 | सागरपुर | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ. | 10 |
| 9 | द्वारका | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ. | 08 |
| 10 | कीर्ति नगर | कारपेन्टर | 13 |
| दिल्ली कॉलेज मे चल रहे बैच | | | |
| 11 | एस.ओ.एल. डी.यू. (केशवपुरम) | ब्यूटिशियन | 6 |
| 12 | दिल्ली कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स | विडियो एडिटिंग | 21 |
| 13 | देशबंधु कॉलेज | ऐ.आई.- प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग | 42 |
| 14 | हंसराज कॉलेज | ऐ.आई.- प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग | 27 |
| 15 | महाराजा अग्रसेन कॉलेज | डिजिटल मार्केटिंग | 46 |
| 16 | अदिति महाविद्यालय | विडियो एडिटिंग | 23 |

| दिल्ली एन.सी.आर. सामुदायिक केन्द्रो पर चल रहे बैच | | | |
|---|---|---|---|
| क्र. | केन्द्र | कोर्स | छात्रों की संख्या |
| 17 | हेटिक - फरीदाबाद | कारपेन्टर | 5 |
| 18 | नरसिंहपुर (APML ) | ट्रक रिपेयरिंग | 16 |
| 19 | नूंह ( मेवात ) | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ. | 21 |

| अन्य राज्य | | | |
|---|---|---|---|
| क्र. | केन्द्र | कोर्स | छात्रों की संख्या |
| 20 | लुधियाना, पंजाब | ब्यूटिशियन | 20 |
| 21 | शांति नगर, राजस्थान | ब्यूटिशियन | 20 |

# अप्रैल 2025 में प्रारंभ होने वाले अपेक्षित बैच

SAMARTH BHARAT समर्थ भारत

| दिल्ली सामुदायिक केन्द्र | | |
|---|---|---|
| क्र. | केन्द्र | कोर्स |
| 1 | शशि गार्डन | ब्यूटिशियन |
| 2 | तुगलकाबाद | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ. |
| 3 | संगम विहार | बेकरी<br>ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ. |
| 4 | रोशन विहार , नाहरगढ़ | ब्यूटिशियन |
| 5 | पहाड़गंज | जी डी ऐ |
| 6 | पनवेल मुंबई | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ. |

| दिल्ली कॉलेज केन्द्र | | |
|---|---|---|
| क्र. | केन्द्र | कोर्स |
| 7 | कॉलेज ऑफ़ वोकेशनल स्टडीज | नेल आर्ट<br>बेकरी |
| 8 | दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज | Flutter |
| 9 | शहीद भगत सिंह कॉलेज | बेकरी<br>नेल आर्ट |
| 10 | श्री अरबिंदो कॉलेज | बेकरी<br>नेल आर्ट |
| 11 | दौलत राम कॉलेज | नेल आर्ट |

| दिल्ली एन.सी.आर. सामुदायिक केन्द्र | | |
|---|---|---|
| क्र. | केन्द्र | कोर्स |
| 12 | दादरी, अछेजा | ऐ. सी. / फ्रिज / आर. ओ. |

# SAMARTH BHARAT
## Career Development Academy



**समर्थ भारत (भाऊराव देवरस सेवा न्यास) युवाओ को सशक्त बनाने और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास पर केंद्रित एक संगठन है। कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से, हम लोगों को रोजगार के लिए आवश्यक विशेषज्ञता प्रदान करते हैं।**

## COURSES & DURATION

| S.no. | COURSES | CODE | DURATION | GENDER |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Beautician | BE | 3 Month | Female |
| 2 | Nail Art | NA | 1 Month | Female |
| 3 | Bakery | BA | 1 Month | Both |
| 4 | AC/Refrigerator | AR | 1 Month | Male |
| 5 | Home Appliance Technician | HA | 1 Month | Male |
| 6 | RO Repair | RO | 1 Week | Male |
| 7 | Hair Stylist | HS | 1 Month | Both |
| 8 | Plumber | PL | 1 Month | Male |
| 9 | Carpenter | CP | 1 Month | Male |
| 10 | Truck Repair Training | TR | 3 Month | Male |
| 11 | General Duty Assistant | GDA | 3 Month | Both |

| S.no. | COURSES | CODE | DURATION | GENDER |
|---|---|---|---|---|
| 12 | Cutting & Tailoring | CT | 3 Month | Female |
| 13 | Digital Marketing | DM | 60 hrs | Both |
| 14 | Flutter | FL | 60 hrs | Both |
| 15 | Prompt Engineering | PE | 60 hrs | Both |
| 16 | Python | PT | 60 hrs | Both |
| 17 | Video Editing | VE | 60 hrs | Both |
| 18 | GST & Tally | GT | 60 hrs | Both |
| 19 | Design Thinking | DT | 40 hrs | Both |
| 20 | Startup Bootcamp | SB | 16 hrs | Both |
| 21 | Employability & Personality Development Skills | ED | 40 hrs | Both |
| 22 | Skills to Scale - Develop Growth Mind - Set | DG | 40 hrs | Both |

## CENTERS

| DISTRICT | CENTER | COURSE CODE |
|---|---|---|
| North East | Old Seemapuri | AR/HA |
| | Seelampur | AR |
| East | Mayur Vihar | AR/RO |
| | Shashi Garden | BE/NA/HS |
| | Maharaja Agrasen College | NA/PE/FL/DM/ |
| | S R College of Applied Science | NA |
| South | Maharani Bagh | BE |
| | Tughlakabad | AR/RO |
| | Kalka Ji | CT |
| | Zamrudhpur | CT |
| | Sri Aurobindo College | FL |
| | College of Vocational Studies | BA/NA |
| | Dayal Singh College | BA |
| | Deshbandhu College | PE |
| | PGDAV College (Evening) | PE/DT |
| | S B S College (Evening) | BA/NA/DM |

| DISTRICT | CENTER | COURSE CODE |
|---|---|---|
| South West | Bhati Mines | BE/AR/RO |
| | Bijwasan | AR/RO |
| | Deoli | AR/RO |
| | Sangam Vihar | BA/AR |
| | Aryabhatta College | DT |
| | ARSD College | FL/VE/PE/ED |
| | Delhi College of Arts & Commerce | VE |
| West | Chawla, Nahargarh | BE |
| | Dwarka | AR |
| | Pandwala Gaon | HS |
| | Sagarpur | DM |
| | Roshan Vihar, Nahargarh | DM |
| | Bhaskaracharya College | DT |
| | DDU College | DM/FL/NA |
| North West | Kirti Nagar | CP |
| | Bharti College | BA/NA |
| | Shivaji College | FL |

| DISTRICT | CENTER | COURSE CODE |
|---|---|---|
| Central Delhi | Paharganj | GDA |
| | Tank Road | BE/NA |
| | Daulat Ram College | BA |
| | Kirori Mal College | DT |
| | SOL DU (Keshavpuram) | BE/AR/RO/HA |
| | Hansraj College | PE |
| | IP College for women | DT |
| | Ramjas College | DM |
| | Zakir Husahain College | RO/DT |
| | Maitreyi College | NA |
| Delhi NCR | Dadri, Achheja | AR/RO |
| | Hettich-Faridabad | CP |
| | Narsinghpur (APML) | TR |
| | Nuhu, Mewat | AR |

For More Information
8595887700
www.samarthbharat.net

Scan for Registration

Follow Us
@samarthbharatofficial
@samarthbharatofficial
@wesamarthbharat
@samarthbharatofficial
@samarthbharat7812

# बदलाव के लिए साथ आयें

SAMARTH BHARAT समर्थ भारत

भाऊराव देवरस सेवा न्यास सेवा हि परमो धर्मः

## हमारे कौशल विकास पहल का समर्थन करें

आपका सहयोग हमारे प्रशिक्षण को अधिक सुलभ बनाने और शिक्षार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने में सक्षम बनाता है। आपके योगदान से हम अपनी सेवाओं का विस्तार, सुविधाओं में सुधार, छात्रवृत्तियों का आवंटन और नए पाठ्यक्रम विकसित कर पाते हैं। आइए, हम मिलकर चुनौतियों को दूर करें और नए अवसरों का निर्माण करें। आपकी उदारता स्थायी परिवर्तन लाने और एक कुशल व सशक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**दान के लिए स्कैन करें**

**बैंक का नाम: SBI**

**बैंक खाता: 40253998409**

**शाखा का नाम: केंद्रीय सचिवालय (00625)**

**IFSC: SBIN0000625**

## अधिक जानकारी के लिए संम्पर्क करें

**शोनाल गुप्ता, संयोजक - ✆ +91-9811190016**

**राकेश कुमार, सह-संयोजक - ✆ +91-9312936894**

**ई-मेल :- contact@samarthbharat.net**

**वेबसाइट :- www.samarthbharat.net**

# समर्थ भारत